



डाक पंजीयन क्र. L/RNP/म.प्र./मन्दसौर/122/2024-26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 155 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 22 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया


## रतलाम रेल मंडल बना आदर्श डिवीजन

**रतलाम, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पश्चिम रेलवे के रतलाम रेल मंडल को आदर्श मंडल के लिए आचार्य महावीर प्रसाद चल वैजयंती पुरस्कार और अपर रेल मंडल प्रबंधक (एडीआरएम) को रेलमंत्री राजभाषा पदक पुरस्कार मिला है। दोनों पुरस्कार गुरुवार को नई दिल्ली रेल भवन में 154वीं रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में दिए गए। बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रेलवे बोर्ड सतीश कुमार ने की। इसके बाद आयोजित समारोह में अध्यक्ष ने राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्रीय रेलवे, मंडलों एवं अधिकारियों को सम्मानित किया।

डीआरएम अश्वनी कुमार ने बताया राजभाषा के विकास के साथ ही इसके प्रयोग, प्रसार में किए गए उत्कृष्टप्रदर्शन के लिए रतलाम मंडल को रेलवे बोर्ड स्तर पर एक साथ दो-दो सम्मान मिले है। रतलाम मंडल के साथ ही वेस्टर्न रेलवे के लिए यह एक विशिष्टउपलब्धि है। डीआरएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी।

### 2023 का पुरस्कार मिला...

समारोह में रतलाम मंडल को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वर्ष 2023 का आचार्य महावीर प्रसाद चल वैजयंती पुरस्कार, अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी अशफाक अहमद को प्रदान किया गया। इसके साथ ही एडीआरएम को राजभाषा के क्षेत्र में रतलाम मंडल में किए गए उत्कृष्टकार्य के लिए रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक से सम्मानित किया गया। अहमद को राजभाषा रजत पदक के अंतर्गत रजत पदक प्रमाण पत्र तथा नकद राशि दी गई।

## पूर्व सरपंच का पुत्र अफीम तस्करी में गिरफ्तार, अफीम देने व लेने वाला फरार

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस को देखकर भाग रहे युवक को पकडा तो उसके कब्जे से 01 किलो 561 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी गांव के पूर्व सरपंच का पुत्र है। वहीं अफीम देने व लेने वाले को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। जो फरार है। पिपलिया रेलवे स्टेशन के निकट अंधेरे में खड़े व्यक्ति को पुलिस फोर्स ने आवाज लगाकर रोका तो तेजी से चलने लगा। जिसे पकड़ा और तलाशी ली तो बेग से 1.561 किलो अफीम मिली। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपनी पहचान बंड पिपलिया (नारायणगढ़) निवासी जितेन्द्रसिंह पिता उदयसिंह सौंधिया होना बताई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त अफीम गांव बंड पिपलिया के लक्ष्मीनारायण पिता राधेश्याम मालवीय से लेकर गोपालगढ़, मेढ़तासिटी (राजस्थान) निवासी जावेद को देने जा रहा था। पुलिस ने लक्ष्मीनारयण व जावेद के खिलाफ भी एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। दोनों आरोपी फरार है।

# बाहर वालों को खबर, मंदसौर पुलिस बेखबर..!

## एक रात में सैकड़ों को पकड़ने वाली आंखे बड़े मामलों में कमजोर, अन्य एजेंसियों ने की कार्रवाई, कई बड़े फ्राड में आरोपी फरार



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कॉम्बिंग गश्त में एक ही रात में अपराधियों का बड़ा लॉट पकडने वाली पुलिस को बड़े खेल नजर नहीं आ रहे। यह बीते कुछ माह में हुई अन्य एजेंसियों की कार्रवाई बयां कर रही है। करोड़ों की धोखेबाजी का मामला हो या मादक पदार्थो का बड़ा खेल, बीते छह माह में एटीएस, एनसीबी और सीबीएन जैसी अन्य एजेंसियों ने जिले में आकर कार्रवाई की। महत्वपूर्ण बात यह है कि कार्रवाई के एक दो दिन पहले से यह काम नहीं चल रहा था। नियम विरुद्ध चल रहे यह गौरधखंधे स्टेबलिस्ट हो चुके थे। इसके अलावा भी कई मामले हैं, जिसमें जब तक पुलिस के पास सूचना या शिकायत पहुंची, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इससे पुलिस के सूचना तंत्र पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। विगत दिनों में बड़े पैमाने पर अवैध गतिविधियां चलती रही और इसकी जानकारी थानों को नहीं मिली। नतीजा एमडी ड्रग्स कांड व फैक्टरी जैसे कुल 3 मामलों में एटीएस, एनसीबी, सीबीएन व नीमच नारकोटिक्स विंग जैसी टीमों ने यहां आकर एक्शन लिया।शामगढ़ में फर्जी कॉल सेंटर में 18 आरोपियों की धरपकड के लिए भी भोपाल साइबर विंग को आना पड़ा। वहीं क्रोलिक प्रालि-बत्री एफएक्स और बिग बुल नाम से 25 करोड़ का फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपी अजय-आदित्य भाग निकले। जब निवेशक थाने पहुंचे तो मामला पुलिस के संज्ञान में आया। अब हवाला कांड से मंदसौर सुर्खियों में है। आरोपी 04 साल से दुबई लिंक से जुड़ा रहा और जिम्मेदारों को पता नहीं चला।

### यह है बड़े मामले...

✻ 06 अक्टूबर 2024 को गुजरात एटीएस व एनसीबी दिल्ली टीम ने भोपाल में बंद पड़ी फैक्टरी से 1814 करोड़ रुपए कीमती एमडी ड्रग्स पकडी। अगले ही दिन केंद्रीय एजेंसियां मंदसौर पहुंची व माल्या खेरखेड़ा के हरीश आंजना को धरदबोचा, बाद में हतुनियां के प्रेमसुख पाटीदार तक की लिंक सामने आई। 13 जनवरी 2025 को सीबीएन नीमच टीम ने मंदसौर के गरोठ ब्लॉक के खाईखेड़ा गांव में एमडी ड्रग्स की फैक्टरी पकड़ी। संतरे के बगीचे में बने कमरे में यह धंधा चल रहा था। एक मजदूर मौके से मिला। वहां मिले केमिकल व उपकरण से हर माह 50 किलो से ज्यादा ड्रग्स बना सकते थे।

✻ 01 व 02 फरवरी 2025 की दरमियानी रात को नीमच नारकोटिक्स विंग ने मंदसौर के गरोठ ब्लॉक के आक्या कुंवरपदा के पूर्व सरपंच दिनेश मोहेल के घर दबिश दी। एमडी ड्रग्स तैयार करने का कारखाना मिला। 03 आरोपियों पर की कार्रवाई में कुल 1 किलो 100 ग्राम एमडी ड्रग्स भी मिली।

✻ मल्हारगढ़ के अजय राठौर व पिपलियामंडी के आदित्य पालीवाल ने क्रोलिक प्रालि, मन्त्री एफएक्स व बिग बुल नामक कंपनियों में सस्ते प्लॉट, मासिक पेमेंट के नाम पर 950 लोगों से ठगी की। फिक्स रिटर्न का लालच देकर करीब 25 करोड़ ठगे। दिसंबर 2024 में निवेशक जब थाने पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे।

✻ भोपाल- उज्जैन से राज्य साइबर पुलिस टीम ने 14 नवंबर 2024 को शामगढ़ में फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा। यहां 21 युवक-युवती धराए। किराए के मकान लेकर रोजाना 3 हजार कॉल का टारगेट रहता था। मौके से 30 सीम, 20 एंड्रायड मोबाइल, 20 की-पेड मोबाइल जब्ती में लिए। आरोपी कुशल केवट इनकी ट्रेनिंग तक कराता था। निवेश वाली राशि मुंबई के फर्जी एकाउंट में जमा होती थी।

✻ 16 फरवरी 2025 को नागदा पुलिस ने मंदसौर के प्रमोद को पकड़ा। उसके द्वारा बड़े तस्कर सलमान लाला को हवाला के जरिए दुबई में 02 करोड़ रुपये पहुंचाने का डिटेल मिला। मोबाइल में 12 ग्रुप, फटा नोट, कागजात व शुरुआती पूछताछ में 04 सालों से इस धंधे में रहने, हर सौदे में 20 फीसदी तक कमीशन लेने जैसे राज उगले।

## खाद-बीज माफियाओं पर प्रतिबंध तक ही कार्रवाई, एफआईआर की कोई कवायद नहीं..!

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अमानक खाद और बीज के मामले साल दर साल आते हैं। हर साल शिकायतों के बाद भी मामले नहीं थम रहे है। इसका कारण है सख्त कार्रवाई का अभाव। जिले में बिक रहे खाद व बीज की गुणवत्ता परखने के लिए हर साल कृषि विभाग नमूने तो ले रहा है। लेकिन, जो नमूने अमानक आ रहे है उन पर क्रय-विक्रय प्रतिबंध करने से आगे कार्रवाई नहीं बढ़ रही है। पिछले तीन सालों में साढ़े 3 हजार खाद-बीज के नमूने विभाग ने लिए। इनमें से 186 नमूने अमानक साबित होकर फैल हो गए। इन सभी में संबंधित बैच की खाद और बीज का क्रय विक्रय प्रतिबंधित तो किया गया। लेकिन, मुकदमा एक भी दर्ज नहीं किया। इसी कारण जिले में खरीफ सीजन में हर साल अफलन की स्थिति बनी थी। इसमें से 95 नमूने खाद के तो 91 बीज के अमानक पाए गए। सभी का क्रय-विक्रय तो प्रतिबंधित किया और 18 खाद के तो 22 बीज केमामलों में पंजीयन निलंबित किया। लेकिन, एफआइआर की कार्रवाई तक नहीं की गई।

अमानक खाद व बीज के विक्रय को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी खरीफ व रबी सीजन में जिलेभर में भ्रमण कर खाद बीज के नमूने लेता है। लेकिन, कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा है। विभाग द्वारा तीन साल में की गई कार्रवाई में खाद के 95 और बीज के 91 नमूने अमानक पाए गए हैं। इनमें शासकीय और निजी विक्रेताओं के नमूने शामिल हैं। इतने नमूने अमानक पाए जाने के बावजूद तीन साल में एआईआर भी नहीं हुई है। सिर्फ क्रय-विक्रय प्रतिबंध करने से लेकर कुछ मामलों में पंजीयन निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। तीन साल में खाद के मामले में 19 और अमानक बीज मिलने पर 22 पंजीयन निलंबन की कार्रवाई की गई है। खाद-बीज के नमूने लेने के बाद राज्य प्रयोगशाला भेजे जाते हैं। वहां से रिपोर्ट आने में देरी होती है। इसके बाद अमानक नमूने आने पर विभाग जिले में क्रय-विक्रय प्रतिबंध करता है। लेकिन, एफआईआर से पहले रेफर नमूने का नियम है। इसका लाभ लेकर वह रेफरी नमूने भेजे देते है। साथ ही खाद-बीज के नमूनों की रिपोर्ट जब तक आती है तब तक सीजन में फसल की बोवनी के बाद निकालने तक का समय आ जाता है।

# साइबर ठग गैंग का एक बदमाश गिरफ्तार

### मेडिकल कालेज में दाखिले के नाम पर 30 लाख की ठगी की थी, कोलकाता और नागपुर में दी दबिश, 6.90 लाख बरामद

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** धोखेबाजों की अंतराज्यीय गैंग के एक साइबर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने के नाम पर इस गैंग ने मंदसौर के एक व्यक्ति के साथ 30 लाख रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने आरोपियों की धरपकड में कोलकाता और नागपुर में दबिश दी। इस दौरान नागपुर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रिमांड में आरोपी से सघन पूछताछ की। इसके बाद उसे जैल भेज दिया गया है। गैंग के अन्य लोगों की तलाश जारी है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बीती 31 जनवरी को भारती भावसार पति अनिल भावसार उम्र 50 साल निवासी नई आबादी गौल चौराहा मंदसौर ने शहर कोतवाली पर शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उसने बताया कि उसके बेटे हार्दिक के साथ मेडिकल कालेज मे एडमिशन कराने के नाम पर 30 लाख रुपयो की ठगी हुई है। आरोपियों ने मेडिकल कॉलेज में दाखिला दिलाने का आश्वासन देकर रुपए लिए। लेकिन, दाखिला नहीं मिला। मामले में थाना कोतवाली पर अपराध धारा 318(4), 3(5) बीएनएसएस का पंजीबद्ध किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया।

जांच पड़ताल के बाद उपनिरीक्षक संदीप मोर्य, उपनिरीक्षक शेलेन्द्र कनेश, प्रआर कमलेश भदौरिया, आर जितेन्द्र नागदा सहित एक टीम गठित की जाकर




नागपुर रवाना किया गया। नागपुर में साईबर सेल से प्राप्त तकनिकी जानकारी के आधार पर पुलिस ने सुजीत उर्फ सुरजीत पिता श्रवण सिह निवासी मनीष नगर नागपुर महाराष्ट्र को पकड़ा। छह मार्च को उसे न्यायालय में पेश किया गया। इस दौरान उसे चौदह दिन के रिमांड पर भेजा गया। आरोपी को साथ मे लेकर पुलिस टीम उक्त घटना से संबधित अन्य आरोपियो को दबोचने के लिये कलकत्ता की ओर रवाना हुई। कलकत्ता में संभवत: उक्त प्रकरण से संबधित अन्य आरोपियो को प्रकरण मे आरोपी की गिरफ्तार संबधी जानकारी मिलने पर वह आरोपी नही मिल सके। परंतु उक्त अपराध से संबधित साक्ष्य जुटाकर पुलिस टीम वापस आई। पुन: पुलिस टीम नागपुर मे उक्त अपराध की विवेचना के दौरान रवाना हुई है। कार्यवाही के दौरान अभी तक धोखाधडी से छीने गये रुपयो मे से कुल 06 लाख 90 हजार रुपये बरामद किये गये है। 20 मार्च को आरोपी को जैल दाखिल किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपराध मे प्रकरण मे अग्रिम अनुसंधान जारी है। तथा प्रकरण में शेष राशि भी जल्द ही बरामद की ली जाएगी। पुलिस की इस सफलता में निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिह राठौर, थाना प्रभारी कोतवाली, उपनिरीक्षक संदीप मोर्य, उपनिरीक्षक शेलेन्द्र कनेश, आर. जितेन्द्र नागदा, राकेश मईडा, योगेश साहू, साईबर टीम के प्रआर आशीष बैरागी, मुजफ्फर शेख , मनीष बघेल, गौरव का सराहनीय योगदान रहा।



# शिक्षा का व्यवसायीकरण ना हो इसके लिए सरकार प्रयासरत-राज्यमंत्री मजूमदार

## सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न, शिक्षा समाज का आधार स्तंभ इसमें व्यवसायीकरण वर्तमान समय में चुनौती



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शिक्षा को समाज का आधार स्तंभ माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में यह एक व्यवसायिक उद्योग बनता जा रहा है। कतिपय विद्यालय और शिक्षण संस्थान अब शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अधिक से अधिक मुनाफा कमाने की मानसिकता से भी प्रेरित दिखाई दे रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विद्यार्थियों और अभिभावकों को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर विषय को लेकर सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। प्रश्नकाल के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि शिक्षा के बढ़ते व्यावसायीकरण के कारण महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के बीच मिली भगत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। यह एक गंभीर विषय है और सरकार ने इस संबंध में कोई संसदीय समिति गठित की है और क्या समिति ने अपना प्रतिवेदन सरकार को सौंप दिया है। सरकार का कोचिंग संस्थानों के साथ मिली भगत करके गलत काम करने वाले और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले महाविद्यालयों की मान्यता रद्द करने का विचार है।

प्रश्न के जवाब में शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकान्त मजूमदार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) में अन्य बातों के साथ-साथ अधिगम हेतु योगात्मक मूल्यांकन, जो प्रचलित श्कोचिंग संस्कृतिश् को प्रोत्साहित करता है, की बजाय नियमित रचनात्मक मूल्यांकन पर ध्यान केंद्रित करने का अनुबंध किया गया है। इसमें रटकर सीखने और परीक्षा-उन्मुख अध्ययन की तुलना में वैचारिक समझ पर अधिक बल दिया गया है। उन्होने बताया कि अनियमित कोचिंग सेंटरों और बढ़ते व्यावसायीकरण की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 16 जनवरी 2024 को कोचिंग सेंटर के विनियमन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं, ताकि उचित कानूनी ढांचे के माध्यम से उन पर विचार किया जा सके और उन्हें अपनाया जा सके। सचिव, उच्चतर शिक्षा विभाग के स्तर पर दिनांक 16.07.2024 के पत्र के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ इस पर अनुवर्ती कार्रवाई की गई है। इसी के साथ ही दिशा-निर्देशों में कोचिंग सेंटरों को अभिभावकों/छात्रों को कोचिंग सेंटर में दाखिला दिलाने के लिए रैंक या अच्छे अंकों का भ्रामक वादा या गारंटी देने से प्रतिबंधित किया गया है। दिशा निर्देशों में यह भी प्रावधान है कि पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या हेतु लिया जाने वाला शुल्क सही और यथोचित होगा। किसी भी परिस्थिति में पाठ्यक्रम की अवधि के दौरान शुल्क में वृद्धि नहीं की जाएगी। सरल निकासी नीति और आनुपातिक आधार पर शुल्क वापसी की जाएगी। इसमें कोचिंग सेंटर के पंजीकरण को रद्द करने सहित जुर्माना लगाने का प्रावधान भी किया गया है, यदि प्राधिकारियों को पता चलता है कि उसने दिशानिर्देशों के किसी नियम या शर्त का उल्लंघन किया है, इसके अतिरिक्त कानून का उल्लंघन करने के लिए कोई अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। कोचिंग सेंटर पर छात्रों की निर्भरता कम करने के लिए, जेईई और एनईईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ छात्रों के लिए ऑनलाइन मूल्यांकन मॉड्यूल प्रदान करने हेतु साथी मंच का शुभारंभ किया गया है। यह वेब प्लेटफ़ॉर्म, मोबाइल एप्लिकेशन, यूट्यूब लाइव सत्रों और डीटीएच चौनलों का उपयोग करके सेवाओं की आपूर्ति करता है। शिक्षार्थियों के लिए विभिन्न शीर्षकों और विषयों पर 10,000 घंटे से अधिक की अधिगम सामग्री उपलब्ध है।

## आज विश्व जल दिवस पर नपा शिवना नदी के तट पर श्रमदान करेगी

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज दिनांक 22 मार्च 2025 को प्रात: 7:30 बजे शिवना नदी के किनारे पशुपतिनाथ मंदिर के सामने दोस्त पुलिस चौकी के पास मंदसौर नगर पालिका के द्वारा विश्व जल दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन होगा नगर पालिका के जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण कर्मचारीगण शिवना नदी के तट पर सामूहिक श्रमदान कर जल का अव्यय नहीं करने व जल बचाने का संकल्प लेंगे

उक्त निर्णय कल शुक्रवार को अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के कक्ष में नगर पालिका के सभापतियों एवं जल कार्य समिति के सदस्यों के साथ हुई चर्चा में लिया गया बैठक में विश्व जल दिवस के कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई बैठक में नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर जलकल सभापति निलेश जैन सभापतिगण श्रीमती दीपमाला मकवाना सत्यनारायण भाभी श्रीमती निर्मला चंदवानी श्रीमती भावना पमनानी जलकार्य समिति सदस्यगण सुनीता गुजरिया सुनीता भावसार कमलेश सिसोदिया गोवर्धन कुमावत माया भावसार उपयंत्री महेश शर्मा जलकल शाखा लिपिक मोहम्मद शहीद भी उपस्थित थे।



## कन्या महाविद्यालय में वन दिवस पर व्याख्यान माला सम्पन्न

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि विश्व वन दिवस के अवसर पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि डा.उर्मिला तोमर फाउन्डर ऑफ सार्थक सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि दुनिया हमें बहुत खुबसूरत मिली थी परन्तु हमारे कारण वह बहुत खराब हो चुकी है। हमें पुन: उसे उसको मूल स्वरूप लौटाना होगा। हम एक मिनिट में पन्द्रह बार सांस लेते है और चैबीस घन्टों में हम 550लीटर आक्सीजन ग्रहण करते है। स्वस्थ रहने के लिए 33 प्रतिशत हरियाली होना चाहिए परन्तु हमारे भारत में 24 प्रतिशत है। वनों को काटने के कारण हिमखंड पिघल रहे है। विश्व वन दिवस पर संदेश देते हुए आपने कहा कि हम महिलायें है और हमारा दायित्व है कि पेडों को कटने से बचाये। उद्बोधन में उन्होने चिपको आंदोलन में महिलाओं द्वारा दिये गये योगदान पर लघुकथा द्वारा प्रकाश डाला। हमेशा कुछ देना सीखें देवता वही है जो कुछ देता है हमें धरती के प्रति कृतज्ञ रहना है तो हमे पेड लगाना चाहिए। इस अवसर पर श्री अशोक धनोतिया ने जल की उपलब्धता में वनों की भूमिका पर सविस्तार प्रकाश डाला। वरिष्ठप्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि हमारी युवा पीढी को प्राकृतिक संतुलन बनाये रखने हेतु व्यक्तिश: प्रयास करना चाहिए। विश्व वन दिवस 2025 की थीम खाद्यसुरक्षा एवं वन है। हमें समझना होगा कि हमारा जीवन प्राकृतिक संसाधनों से हैं क्योंकि उनसे पंच तत्वों की रचना हुई। प्रकृति हमें नि:शुल्क हवा, धूप एवं पानी प्रदान करती है किन्तु मानव के लालच ने प्रकृति के संसाधनों का अनियन्त्रित दोहन कर असंतुलन पैदा कर दिया है। वनों की निर्मम कटाई से जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जो आने वाली पीढ़ी के लिए खतरे के संकेत है। आपने युवा छात्राओं से आव्हान किया कि वे वृक्षारोपण एवं उनकी सुरक्षा हेतु यथायोग्य प्रयास करें क्योंकि पेड है तो कल है। पेडों से मानव समुदाय की खाद्य सुरक्षा एवं पोषण व्यवस्थता जुडी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन देते हुए आपने कहा कि हमें अपने बच्चों की तरह पेड-पौधों को लगाना चाहिए एवं उनकी रक्षा करना चाहिए। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा.अर्पित परमार द्वारा किया गया एवं आभार डा.उमा गगरानी प्राध्यापक हिन्दी ने माना।

## विद्यालय संचालकों व पुस्तक विक्रेता की मनमानी पर रोक लगाई जाये-ग्राहक पंचायत



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आज अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की इकाई नें अपर कलेक्टर एकता जायसवाल क़ो ज्ञापन सौपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग रखी की जिले में पिछले कई वर्षो र्से एक चलन कुछ विद्यालय संचालको ने चला रखा है जिसके तहत वह बाजार में कुछ ऐसे स्टेशनरी वालो से, ड्रेस विक्रेता व जूते विक्रेताओं से गठजोड़ करके रखते है जिसके चलते छात्र छात्राओं के अभिभावकों को मजबूर होकर उन्ही दुकानदार से ख़रीदारी करना होती है। उक्त व्यापारी ग्राहक को किसी भी प्रकार की छूट नही देते हे ओर छूट मांगने पर उनको सामान देने से ही मना कर देते हे। कुछ दुकानदार तो चीर्से अधिक पैसा लेकर वस्तू बेचते है, जिसका बिल भी ग्राहकों को नही दिया जाता। पिछले कई वर्षो से अन्य व्यापारी भी इस मोनो पाली से परेशान है। जंहा सरकार शिक्षा पर करोड़ो खर्च कर बचो का विकास कर रही है वही ये विद्यालय शिक्षा को व्यापार का जरिया बनाते जा रहे है।

इस ज्ञापन के माध्यम से अपर कलेक्टर से ग्राहक पंचायत नें निवेदन किया की आप इस आवेदन पर ध्यान देकर विद्यालय संचालको व एकाधिकार जमा रहे व्यापारी पर नकेल कसने का कार्य करे। जिससे अभिभावकों को व अन्य व्यापारियों को राहत मिल सकें। ज्ञापन देते समय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष नवनीत शर्मा, विधि आयाम प्रमुख उमराव सिंह जैन, जिला प्रचार प्रमुख आशीष भाटिया, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र बैरागी, नगर अध्यक्ष सुनील ठाकुर सहित आदि उपस्थित थे।

# महासोमयज्ञ आयोजन की चल रही व्यापक तैयारियां



**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आगामी माह 13 से 18 अप्रैल तक कालाखेत मैदान में होने वाले महासोमयज्ञ के आयोजन की व्यापक तैयारियां चल रही है।आयोजन समिति द्वारा नगर के विभिन्न समाजों तथा संस्थाओं व संगठनों से संपर्क कर अधिक से अधिक जोडे सोम यज्ञ में बैठने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य में बताया गया है कि सोमयज्ञ प्रतिदिन चार पालियों में होगा।प्रत्येक पाली में 21 वेदी पर 84 जोड़े यज्ञ में आहुति देंगे। इस विराट आयोजन के लिए दो हजार जोड़ों को यज्ञ में सम्मिलित होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वृहद अनुष्ठान में किसी भी तरह की धनराशि या चंदा नहीं लिया जा रहा है केवल सोम यज्ञ में बैठने वाले श्रद्धालुओं से श्रद्धा निधि जो निर्धारित की गई है वही ली जा रही है। मंदसौर नगर तथा आसपास के अंचल तथा संसदीय क्षेत्र के नगरों और कस्बों और गांवों के साथ ही गुजरात राजस्थान और महाराष्ट्र से भी अनेक श्रद्धालु जोड़े सोम यज्ञ में सम्मिलित होंगे।

आयोजन समिति द्वारा ब्राह्मण समाज, अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, राजपूत समाज, पोरवाल समाज, माली समाज, कुमावत समाज, राठौर तेली समाज, सिंधी समाज, स्वर्णकार समाज, पारख समाज, भावसार समाज, तथा रोटरी क्लब, लायंस क्लब,दशपुर योग शिक्षा संस्थान, केमिस्ट एसो.सीए एसो. राजाराम एंड ब्रदर्स,लायंस क्लब गोल्ड, अभिभाषक संघ, भाजपा परिवार, कांग्रेस परिवार, विद्युत मंडल,सब्जी विक्रेता संघ,अक्षय साख सहकारी समिति, दशपुर जागृति संगठन, कृष्णा साख समिति, महा.जनभागीदारी समिति, अग्रेसर विकास समिति, बैंक एम्प्लाइज यूनियन, मजदूर कल्याण समिति, तथा नेपाली संस्कृति परिषद साहित्य संस्कृति संस्था आदि संगठनों से संपर्क किया गया है। संपर्क अभियान सतत् चल रहा है। ऊपर उल्लेखित समाज और संगठनों के प्रमुखों सर्वश्री पं. दिलीप शर्मा पं. दिलीप दुबे, आशीष गुप्ता,महेश सोमानी बंकट, केके सिंह भाटी,नरेंद्र सिंह चौहान, जगदीश चौधरी, अशोक रतनावत गौरव रत्नावत, भूपेंद्र सोनी, कपिल भंडारी, जितेंद्र पोरवाल, प्रदीप भाटी,मनीष भावसार शिवना पुत्र, गजेन्द्र तिवारी, योगेंद्र शर्मा आर्ट ऑफ लिविंग, राधेश्याम बरानिया, पुष्पेंद्र भावसार, राजकुमार राठौर,वासुदेव सेवानी, मनीष चौधरी, राजेश मंडवारिया सीए विकास भंडारी सीए, विशाल गोयल, नरेश चंदवानी, सुरेश सोमानी, सुरेंद्र जैन योग गुरु, अरविंद सारस्वत, नरेंद्र त्रिवेदी, अर्जुन डाबर,नागेश्वर सोनी, अजय सोनी, विपिन जैन विधायक,राजेश दीक्षित भाजपा जिलाध्यक्ष, राजेंद्र चाष्टा, भगवान भाई विजयवर्गीय, विजय कोठारी अक्षय सोमानी, संजय गोठी डॉ. देवेंद्र पुराणिक, महेश पारिख, धीरज पाटीदार, मानसिंह माच्छोपुरिया, महेश जुनवाल पुष्पेंद्र भावसार, करन परिहार आदि से आयोजन समिति ने संपर्क किया। इन सभी समाजों व संगठनों के प्रमुख कौन है अधिक से अधिक जोड़े सम्मिलित करने का संकल्प व्यक्त किया है। संपर्क अभियान में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रहलाद काबरा, तथा सर्वश्री विजय सुराणा,के के बाहेती, गौरव अग्रवाल, उमेश पारिख, जीतू , विनय पारिख, संजय गौठी, विक्रम भटनागर राजेश नामदेव, नवनीत पारिख, प्रकाश सिसोदिया ब्रजेश जोशी, धीरज पाटीदार, हेमंत शर्मा, पं. अरुण शर्मा अमन फरक्या, राजेंद्र चाष्टा, प्रद्युम्न शर्मा, अनूप माहेश्वरी,आदि निरंतर लगे हुए हैं। यह जानकारी जीतू पारिख ने दी है।



## श्री ऋषियानन्द आश्रम में रंगारंग फागोत्सव सम्पन्न

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** रामटेकरी तेलिया टैंक स्थित श्री ऋषियानंद आश्रम पर फाग महोत्सव श्री ऋषियानंद ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. रविंद्र जोशी और श्री ऋषियानंद सुंदरकांड मंडल के प्रमुख श्री महेश गेहलोद के नेतृत्व में मनाया गया।

लगभग 5 घंटे तक जारी रंगारंग फाग महोत्सव में ब्रज वृंदावन धाम के रसिया भजन गीत प्रस्तुत किए गए। मातृशक्ति और भक्तों ने खूब बढ़-चढ़कर भक्ति नृत्य करते हुए महोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्हैयालाल कुमावत, कैलाश मिश्रा, कन्हैयालाल पण्ड्या का विशेष सहयोग रहा। फाग महोत्सव में जिन संगीत साधकों ने भाग लिया उनमें प्रमुख थे महेश गेहलोत, घनश्याम सोनी, कैलाशचंद्र टांडी, बंसीलाल टॉक, रामनारायण गंधर्व, जगदीश बैरागी, अजीत जैन, भीमसेन गंधर्व, मनोज शर्मा, रतनलाल चौहान, रमेश श्रीवास्तव आदि। अंत में प्रसादी भंडारा हुआ।

## प्रोत्साहन योजना को स्वीकृति देना ऐतिहासिक-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेन-देन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना स्वीकृत करने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 'डिजिटलइंडिया' का संकल्प साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छोटे व्यापारियों के प्रोत्साहन के लिए 2 हजार रुपए के लेनदेन पर 0.15 प्रतिशत प्रति लेन-देन की दर से इन्सेन्टिव प्रदान करने के लिए केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा योजना को स्वीकृति देना ऐतिहासिक है। यह न केवल डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देगा अपितु छोटे व्यापारियों को सशक्त भी बनाएगा।

# जल के सकोरे लगाकर विश्व गौरैया दिवस मनाया




**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि दिनांक 21 मार्च 2025 को एनएसएस इकाई द्वारा विश्व गौरैया दिवस मनाया गया और महाविद्यालय की अमृत वाटिका में पेड़ों पर जल के सकोरे लगाए गए। एनएसएस के स्वयंसेवको ने घर में रखे व्यर्थ सामान से सकोरे बनाएं।


इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने विद्यार्थियों को विलुप्त होती गौरैया की जानकारी देते हुए कहा कि हम सभी के आंगन में खेलती गौरैया धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रहीं है। वृक्षों की निरंतर होती कटाई के कारण पक्षियों के आवास समाप्त हो जाते हैं, इसीलिए पेड़ लगाने के साथ ही पेड़ पर सकोरे लगाकर और चिड़ियों के लिए दाना डालकर हम उनका संरक्षण कर सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल आर्य एवं डॉ. ललिता लोधा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षियों हेतु सकोरे लगाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एन.एस.एस के जिला संगठक डॉ. के. आर. सूर्यवंशी भी उपस्थित रहे।

## दशपुर जागृति संगठन भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु का बलिदान दिवस...

# क्रांति चौराहे की मांग पत्र के साथ मनाएगा

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भगत सिंह सुखदेव राजगुरु का बलिदान दिवस उनके द्वारा किए गए कार्य पर प्रकाश डालते हुए मात्र 23 वर्ष, 22 वर्ष और 23 वर्ष में तीनों क्रांतिकारियों को 23 मार्च को समय से पहले फांसी दे दी गई थी। ऐसे महान क्रांतिकारियों के देश में आज उनको याद करने के लिए दशपुर जागृति संगठन ने संकल्प लेकर बलिदान दिवस मातृभूमि की माटी को हाथ में लेकर मनाएगा।

क्रांतिकारियों व देश के सैनिकों के सम्मान के लिए देश का प्रथम संगठन मंदसौर से संचालित विगत 15 वर्षो र्से लगातार आजादी के महानायकों को उनके बलिदान को चिरस्थाई स्थाई बनाने के साथ ही उनके विचारधारा का देश बनाने के लिए संकल्पित भ्रष्टाचार, मुक्त समाज की स्थापना, अमीर गरीब की खाई को मिटाना, आय से अधिक संपत्ति वालों की जांच करवाना, भ्रष्टाचार में लिफ्ट राजतंत्र एवं अधिकारियों की जांच की मांग को तेज करना, चौराहा का नामकरण देशभक्ति के नाम करने के संकल्प को लेकर आगे बढ़ते हुए 23 मार्च को प्रात: 10.30 बजे नगर पालिका सीमा के अंदर क्रांति चौराहा की मांग करते हुए भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु तीनों के स्टैचू की मांग करते हुए मांग पत्र नगर पालिका अध्यक्ष के नाम जारी करते हुए संगठन बनाएगी। इस कार्यक्रम में पुष्पांजलि के साथ ही भगतसिंह का अंतिम पत्र का वाचन किया जाएगा तीनों महान क्रांतिकारियों की पुष्पांजलि के साथ शपथ ली जाएगी। हम इस देश के अंदर क्रांतिकारियों के बलिदान को बेकार नहीं जाने देंगे। हम मातृभूमि के लिए भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जांच करवाने का संकल्प लेकर कार्य करने का मातृभूमि की माटी को हाथ में लेकर संकल्प लेंगे। इस कार्यक्रम को गरिमामय बनाने के लिए संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे । दशपुर जागृति संगठन लगातार अपने कार्यों कों आगे बढ़ते हुए उसने मांग करी है कि राष्ट्रीय संपत्तियों के नाम भी क्रांतिकारियों के नाम से की जाने चाहिए लेकिन कुछ राजनेताओं की झूठी महत्वाकांक्षा के कारण कई राष्ट्रीय धरोहर के नाम राजनेताओं के कर दिए गए हैं जो की एक



राष्ट्रभक्तों को दुख और पीड़ा प्रदान कर रहे हैं उन राजनेताओं ने महान क्रांतिकारियों को भुला दिया है। उन्होंने अपने नेताओं को इन क्रांतिकारों से बड़ा मन है लेकिन अभी चलने वाला नहीं इसके दुष्परिणाम भी सामने आएंगे जो राष्ट्र भक्तों का नहीं वह इन महान क्रांतिकारियों के प्रति उसके दिल में सम्मान नहीं है नहीं तो वह अग्रिम पंक्ति में आजादी के महानायकों के नाम से इनका नामकरण किया जाता तो अति उत्तम होता।

## अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद का होली मिलन समारोह कल

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला मंदसौर का होली मिलन समारोह कल 23 मार्च, रविवार को प्रात: 10 होटल पटेल सा वही पार्श्वनाथ में आयोजित होगा। जिसमें जिले भर के सैनिक, पूर्व सैनिक परिवार, वीर नारियां, शहीद के परिवारजन सम्मिलित होंगे। संगठन जिला अध्यक्ष मुकेश गुर्जर पालडी ने बताया की आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के मालवा प्रांत अध्यक्ष विंग कमांडर डीपी तिवारी पधार रहे है साथ ही सैनिक कल्याण बोर्ड मंदसौर के अधिकारी एवं 5 एनसीसी बटालियन के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। परिषद ने सभी सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, व शहीदों के परिवारजनों से समारोह में उपस्थित रहने की अपील की है।

## उत्तर और दक्षिण राज्यों को बांटने वालों पर साधा निशाना, आरएसएस ने 3-भाषा फॉर्मूला किया पेश

**नई दिल्ली, 21 मार्च।** त्रिभाषा फॉर्मूले को लेकर बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु के बीच बढ़ते विवाद के बीच आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है।

आरएसएस ने त्रि-भाषा फार्मूला के इस्तेमाल की वकालत करते हुए कहा कि व्यक्ति की मातृभाषा, उस व्यक्ति के निवास की क्षेत्रीय भाषा और करियर की भाषा जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है। शुक्रवार सुबह बेंगलुरु में शुरू हुई तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) की पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस में संघ ने डीएमके ने त्रि-भाषा फार्मूला पर विवाद बढ़ाने वालों पर हमला बोला है।

**दक्षिणी राज्यों को इससे नुकसान नहीं होगा**-संघ ने डीएमके ने उन ताकतों के बारे में चिंता व्यक्त की जो राष्ट्रीय एकता को चुनौती दे रही हैं, खासकर उत्तर-दक्षिण विभाजन को बढ़ाकर, चाहे वह परिसीमन हो या भाषाएं। परिसीमन के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस नेता सी आर मुकुंदा ने कहा कि यह सरकार का फैसला है और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि दक्षिणी राज्यों को इस अभ्यास में नुकसान नहीं होगा। अगर किसी दक्षिणी राज्य में 543 में से कुछ संख्या में लोकसभा सीटें हैं, तो उस अनुपात को वैसे ही रखा जाएगा।

## मालवी जीनगर समाज का होली मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कल

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मालवी जीनगर समाज मंदसौर का होली मिलन समारोह (रंगतेरस गोठ) एवं समाज के प्रतिभावान छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह 23 मार्च, रविवार को श्री श्रवण महादेव मंदिर परिसर, खिलचीपुरा मंदसौर पर किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न आयोजन भी होंगे। उक्त जानकारी देते हुए मालवी जीनगर समाज मंदसौर के सचिव महेश सिसोदिया ने बताया कि 23 मार्च को श्री श्रवण महादेव मंदिर परिसर, खिलचीपुरा में प्रात: 11 बजे मॉ सरस्वती पूजा एवं वंदना, उद्बोधन, नन्हे मुन्ने बच्चों की प्रतियोगिता, महिला चेयर रेस, वर्ष 2023-24 में कक्षा 5वी, 8वीं, 10 व 12वीं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान व पुरस्कार वितरण समारोह, दोप. 3.45 बजे श्रवण महादेव की महाआरती तत्पश्चात् सायं 4 बजे समाजजनों का सहभोज (गोठ) का आयोजन होगा।

## नृसिंहघाट अखाड़े पर आज रसिया गीतों से सराबोर भक्ति निशा का आयोजन

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर के प्राचीन श्री नृसिंहघाट अखाड़ा नरसिंहपुरा, रामटेकरी मंदसौर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आज 22 मार्च, शनिवार को 84वां फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान रसिया गीतों से सराबोर भक्ति निशा, आरती व प्रसादी आयोजित होगी।



श्री नृसिंह घाट अखाड़ा समिति मंदसौर के अध्यक्ष ओमप्रकाश पहलवान एवं सचिव कैलाश प्रजापति ने बताया कि हर वर्ष फाल्गुन माह में अखाड़े पर फाग महोत्सव मनाया जाता है। इस बार भी यह आयोजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिस अनुसार 22 मार्च को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या आयोजित होगी। रात्रि 10 बजे से आरती एवं प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित होगा। श्री नृसिंह घाट अखाड़ा समिति के सुरेश कच्छारा, अशोक दलोलिया, राजेन्द्र परमार, अशोक परमार आदि ने सभी अखाड़े के सदस्यों एवं धर्मालुजनों से भजन संध्या, आरती व प्रसादी में उपस्थित होने की अपील की है।

# पोरवाल युवा संगठन एवं महिला मंडल ने राजा टोडरमल जयंती मनाई

**सुवासरा, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** नगर में पोरवाल परिणय रिसॉर्ट में सुवासरा पोरवाल युवा संगठन और पोरवाल महिला मंडल के तत्वावधाम में पोरवाल समाज के आराध्य देव राजा टोडरमल जी की 424 जयंती नगर में बड़े धूम धाम से मनाई गई। वही प्रात: 11:00 बजे भव्य चल समारोहों निकाला गया वही जगह-जगह सभी समाजजनों ने जगह-जगह राजा टोडरमल के चित्र पर माल्यार्पण किया चल समारोह में पोरवाल समाज के पुरुषों ने अपनी वेशभुजा सफेद रंग के कुर्ते पजामे वह माथे पर साफा वही पोरवाल समाज की मातृशक्तियों ने अपनी वेश भूषा में केसरिया रंग की साड़ी पहनकर राजा टोडरमल की जन्म जयंती पर बैंड, बाजा,ढोल नगाडे की धुन पर आकर्षित नृत्य किया। वहीं सुवासरा पोरवाल समाज के सैकडो पुरुषों ने एवं मातृ शक्तियों ने इस कार्यक्रम में उत्साह उमंग के साथ अपनी महत्वपूर्ण सहभागिता रखी और राजा टोडरमल के जय-जयकार लगाए





गए युवाओं और नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं ने 1234 राजा टोडरमल की जय जयकार के नारे नगर में गूंज उठे अंत में सभी समाजजनों ने आराध्य देव राजाटोडरमल जी की आरती की गई । कार्यक्रम में पोरवाल समाज के अध्यक्ष रामचंद्र गुप्ता पोरवाल,सचिव घनश्याम धनोतिया और उनकी पूरी टीम वही पोरवाल युवा संगठन के अध्यक्ष भरत मादलिया, राजा टोडरमल उत्सव समिति अध्यक्ष अरुण सेठिया, पवन धनोतिया, प्रीतेश चौधरी, आनंद मुजावदिया, दीपक धनोतिया,मानव डपकरा वही पोरवाल समाज की महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती किरण मंडवारिया एवं उनकी पूरी टीम वही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रामगोपाल काला सुवासरा,जगदीश रामगोपाल सेठिया सुवासरा, लायन मनीष मुजावदिया शामगढ,नरेंद्र उदिया राष्ट्रीय अध्यक्ष पोरवाल युवा संगठन, श्रीमती सीमा सुनील मादलिया उपाध्यक्ष नप सुवासरा,श्रीमती निशा महेश धनोतिया सभापति न प सुवासरा,सहभागिता रखने वाले भाजपा की जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मति दुर्गा विजय पाटीदार, मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह मंडलोई, राजपूत समाज के अध्यक्ष हर्षपाल सिंह देवड़ा भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष नेपाल सिंह चौहान,मेहरबान सिंह सोलंकी युवा नेता दिलीप कुमावत, राहुल व्यास,नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर बलराम परिहार , सेन समाज के वरिष्ठसदस्य दिनेश सोलंकी,महेश सेन ,राजेंद्र सोलंकी वही सोनी समाज अध्यक्ष कमल सोनी ओर से चल समोराहका स्वागत सत्कार किया गया। आयोजन का संचालन महेश जी गुप्ता (अध्यापक)ने किया एवं आभार युवा संघठन अध्यक्ष भरत मॉंदलिया ने माना । उक्तआशय की जानकारी राजा टोडरमल उत्सव समिति अध्यक्ष अरुण सेठिया ने दी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 40 | 2218 | 2400 |
| उडद | 4 | 4000 | 5800 |
| सोयाबीन | 3630 | 3550 | 4151 |
| गैहु | 13500 | 2300 | 2750 |
| चना | 465 | 5100 | 5454 |
| मसुर | 150 | 5800 | 6200 |
| धनिया | 465 | 5200 | 7114 |
| लहसुन | 20000 | 48000 | 7000 |
| मैथी | 1810 | 3834 | 5555 |
| मुंगफली | 781 | 4600 | 5191 |
| अलसी | 1338 | 5135 | 5990 |
| सरसो | 330 | 5200 | 5576 |
| तारामीरा | 18 | 4630 | 4809 |
| इसबगोल | 60 | 7575 | 12600 |
| प्याज | 1534 | 520 | 1652 |
| कलोंजी | 0000 | 0000 | 0000 |
| तुलसी बीज | 1 | 13300 | 13300 |
| डॉलर | 30 | 7650 | 8101 |
| तिल्ली | 4 | 7152 | 8453 |
| जौ | 20 | 1900 | 1940 |
| मटरसुखी | 7 | 2230 | 3597 |
| असालीया | 60 | 5742 | 6110 |
| चियाबीज | 85 | 10000 | 13761 |



# हिंदू उत्सव समिति द्वारा नववर्ष की पूर्व संध्या पर 29 को वाहन रैली

## भगवा पताकाओं को लहराते हुए निकलेगी नगर के मुख्य मार्गो से, हिंदू नव वर्ष पर होगी मंदिरों में महाआरती एवं आकाशीय आतिशबाजी

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** हिंदू उत्सव समिति मंदसौर के तत्वाधान में हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या मंदसौर जिला मुख्यालय पर विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। वाहन रैली में भगवा पताकाओं के साथ युवाओं की टीम शामिल होगी जो हिंदू नववर्ष का संदेश देते हुए नगर भ्रमण करेगी।

यह जानकारी देते हुए हिंदू उत्सव समिति की रैली के संयोजक एडवोकेट श्री आनंद तंवर ने बताया कि हिंदू उत्सव समिति मंदसौर द्वारा हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या 29 मार्च 2025 शनिवार को शाम 4:00 बजे गांधी चौराहा से विशाल वाहन रैली प्रारंभ होगी। यह वाहन रैली संपूर्ण नगर में भ्रमण करके पुन: गांधी चौराहे पर समाप्त होगी। श्री तंवर ने बताया कि रैली प्रारंभ होने के पूर्व गांधी चौराहा पर भारतमाता की महाआरती की जावेगी, साथ ही संतों का मार्गदर्शन भी हमें प्राप्त होगा। संपूर्ण आयोजन को भव्यातिभव्य बनाने के लिए हिंदू उत्सव समिति ने विभिन्न समितियों का भी गठन किया है। रैली के संयोजक एडवोकेट श्री आनंद तंवर ,सहसंयोजक श्री राजाराम कुमावत, श्री नंदकिशोर पाटीदार, श्री अंबालाल टॉक व श्रीमती रानू भावसार को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त प्रचार समिति, मंदिरों पर आरती करने वाली समिति, महापुरुषों के चौराहों को सजाने वाली समिति भी बनाई गई है। इसके अलावा गरबा समिति, भंडारा समिति, गणेश उत्सव समिति व सनातन धर्म से जुड़ी समितियां को भी इसमें शामिल किया गया है। रैली संयोजक श्री तंवर ने बताया कि नववर्ष 30 मार्च रविवार को नगर के विभिन्न मंदिरों पर महाआरती के साथ ही संध्या काल के बाद आकाशीय आतिशबाजी का भी आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के भगवान सिंह चौहान, अजय सिंह चौहान, हिम्मत डांगी, अनिल कियावत, नरेश चंदवानी, प्रकाश सिसोदिया, बसंत शर्मा, उमेश पारिख, विजय सुराणा,शांतिलाल मालवीय, अरुण शर्मा, राजेश पालीवाल, सुनील जैन महाबली , प्रीतेश चावला, विनय दुबेला, जितेंद्र गेहलोत, गौरव अग्रवाल, शिवराज सिंह राणा, भानुप्रताप सिंह सिसोदिया, राजा बना, अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, वीरम धनगर, पुलकित पटवा, महेंद्र सिंह आंजना, विकास चौधरी, राजेश नोगिया, हेमंत बूलचंदानी, राजेश पाठक, लखन बैरागी, मिथुन वफ्ता, राजेश गुर्जर, राजू अखेरिया, नरेंद्र पाटीदार, धीरज पाटीदार, हर्ष पाटिल, नकुल माहेश्वरी, संजय शर्मा डिगांव माली, अजय राठौर, कपिल मावर, कुणाल श्रीवास्तव , विक्की गौसर ने हिंदू नववर्ष को भव्यता से मनाने एवं पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाली रैली में शामिल होने की अपील की है।

# चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन का कार्य 25 से होगा प्रारंभ

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में रबी वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों की समर्थन मूल्य पर खरीदी का कार्य 25 मार्च से शुरू होगा। सरकार ने चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी का कार्य 31 मई तक प्रस्तावित किया है। इसके लिए अब तक 19 हजार 436 किसानों ने चना, मसूर एवं सरसों के लिए पंजीयन कराया है। 9 हजार 314 किसानों ने चने के लिए पंजीयन करवाया है। 7 हजार 6 किसानों ने मसूर के लिए पंजीयन करवाया है। 3 हजार 116 किसानों ने सरसों के लिए पंजीयन करवाया है। चने का समर्थन मूल्य रू 5650/- क्विंटल, मसूर का समर्थन मूल्य रू 6700/- प्रति क्विंटल एवं सरसों का समर्थन मूल्य रु 5950/- प्रति क्विंटल) घोषित हुआ है। गेहूं के लिए अब तक 38 हजार 445 किसानों ने पंजीयन करवाया है। गेहूं के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

# कलेक्टर ने एक आदतन अपराधी को किया जिलाबदर

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग द्वारा म.प्र.राज्य लोक शांति एवं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के तहत एक आदतन अपराधी नागुसिंह पिता गजराजसिंह उर्फ मुन्ना राजपुत निवासी दीपाखेड़ा थाना सीतामऊजिला मंदसौर को जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने आदेशित किया है, कि ये जिला बदर अवधि में मंदसौर जिले की राजस्व सीमा के साथ ही नीमच, रतलाम, उज्जैन, आगर मालवा एवं शाजापुर जिले की राजस्व सीमा में बगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेगा।

# हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

**गरोठ, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान अपर सत्र न्यायाधीश महोदय गरोठ द्वारा हत्या के आरोपितगण 1) बालाराम पिता धन्ना सूर्यवंशी जाति मेघवाल उम्र 48 साल, 2) विष्णु उर्फ श्याम पिता बालाराम सूर्यवंशी जाति मेघवाल उम्र 19 साल, 3) सुगना बाई पति बालाराम सूर्यवंशी जाति मेघवाल उम्र 45 साल, 4) संध्या उर्फ संजा पति विष्णु उर्फ श्याम सूर्यवंशी जाति मेघवाल उम्र 20 साल सभी निवासी नारियाखुर्द थाना शामगढ जिला मंदसौर को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया की दिनांक 21.10.2021 को थाना शामगढ पर सूचना प्राप्त होने पर उपनिरीक्षक एचबी दीक्षित गॉव नारियाखुर्द गये जहॉ फरियादी गोविंद ने बताया कि वह सुबह 09:00 बजे अपने कुए से घर आ रहा था। तभी रास्ते में उसके बडे पापा आरोपित बालाराम अपने घर के आगे मिले और उन्होंने उसे बोला कि तेरी माता/मृतिका मेरे लडके विष्णु की पत्नी संध्या को परेशान करती है और उसके भाव आते है। उसने उसकी माता/मृतिका को घर जाकर सब बताया। तो उसकी माता/मृतिका बात सुनकर उसके बडे पापा आरोपित बालाराम के घर के पास गई तो बालाराम की पत्नी/आरोपित सुगनाबाई अपने घर से निकल कर आई तथा उसकी माता/मृतिका को पकड लिया तथा उसकी लडकी व बहु/आरोपित संध्या भी वहॉ आ गई व एक मत होकर उन्होंने भी उसकी माता/मृतिका को पकड लिया। वह उसकी माता/मृतिका को बचाने गया तो आरोपित बालाराम ने उसे पकड लिया। इतने में बालाराम का लडका/आरोपित विष्णु अपने घर से तलवार निकाल कर लाया और उसकी माता/मृतिका की गर्दन में पीछे से तलवार की मारी, जिससे उसकी माता/मृतिका की गर्दन से खून निकलने लगा, तो बालाराम ने उसे छोड कर विष्णु के हाथ से तलवार छिनकर, उसकी माता/मृतिका की गर्दन में तलवार से लगातार तीन-चार वार किये तथा आरोपित बालाराम तथा विष्णु ने उसकी माता/मृतिका को घसीट कर पा झाडियों में डाल दिया तथा आरोपित सुगनाबाई, संध्या तथा लडकी ने मिलकर जहॉ उसकी माता/मृतिका को तलवार से मारा था, वहॉ खून था, उस स्थान को पानी से धो दिया था। उसके चिल्लाने व आस-पास के लोग आये तो आरोपित बालाराम व उसके परिवार के सभी लोग वहॉ से भाग गये। मौके पर एचबी दीक्षित द्वारा कार्यवाही कर अपराध पंजीबद्ध किया तथा संपूर्ण अनुसंधान उपरांत आरक्षी केंद्र शामगढ द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में न्यायालय के समक्ष 19 साक्षियों के कथन करवाये गये। विशेष लोक अभियोजक रमेश गामड द्वारा रखे गये तथ्यो तथा न्यायालय में आई साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपितगण बालाराम, विष्णु, सुगनाबाई व संध्या को धारा 302 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 2000-2000 रूपये, धारा 201 भादंवि में 03-03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 तथा आरोपित विष्णु को आर्म्स एक्ट में भी 01 वर्ष के सश्रम कारावास व 500 रूप्ये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। प्रकरण में अभियोजन संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री रमेश गामड द्वारा किया गया।



# पीएम आवास के लिये सरंपच पर रिश्वत का आरोप

## हितग्राही बोला- चौथी किश्त के नाम पर पांच हजार मांगे, गालिया भी दी

**गरोठ, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जनपद पंचायत गरोठ की ग्राम पंचायत पीपलखेड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। दलित हितग्राही राजाराम मेघवाल ने सरपंच अर्जुन राणावत पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। राजाराम के अनुसार, उनके भाई जगदीश ने 12 सितंबर 2024 को हेमंत मेहता के खाते में 5000 रुपए सरपंच के कहने पर जमा किए। इसके बाद ही आवास मंजूर हुआ। अब सरपंच मजदूरी और चौथी किश्त के नाम पर 5000 रुपए और मांग रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि जब वह किश्त नहीं मिलने की शिकायत लेकर सरपंच से मिला, तो उन्होंने जातिगत आधार पर प्रताड़ित किया।

सरपंच ने गाली-गलौज की और कॉलर पकडकर धमकी दी। दूसरी ओर सरपंच अर्जुन राणावत ने आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि उन्होंने कोई पैसे नहीं लिए। उल्टे हितग्राही उन्हें धमकाने आया था। सरपंच ने भी थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि राजाराम ग्राम पंचायत के विकास कार्यों में बाधा डालता है। गरोठ थाना प्रभारी मनोज महाजन ने बताया कि सरपंच के खिलाफ आवेदन मिला है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# डोडाचूरा प्रकरण में फरार 5 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार, कोर्ट ने सौंपा रिमाण्ड पर

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** डोडाचूरा प्रकरण में फरार 5 हजार के ईनामी अपराधी को नाहरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी को पुलिस रिमाण्ड पर सौंपा है। नाहरगढ़ टीआई प्रभातकुमार गौड़ ने बताया 7 नवम्बर 2024 को नाहरगढ़ पुलिस ने कार से 55 किलो डोडाचूरा बरामद किया था। मामले में बनी (शामगढ़) निवासी श्यामसिंह पिता भंवरसिंह सौंधिया को गिरफ्तार किया था। पूछताछ श्यामसिंह ने पूछताछ के दौरान उक्त डोडाचूरा बाजखेड़ी निवासी महेश (38) पिता नानालाल फरक्या से लाना बताया था, जिससे खिलाफ भी पुलिस ने केस दर्ज किया था। घटना के बाद से ही महेश फरार था। जिसके खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने 5 हजार रुपए का उद्घोषणा आदेश जारी किया था। टीआई गौड़ ने बताया आरोपी को एनडीपीएस एक्ट कोर्ट में पेश किया, जिसे पुलिस रिमाण्ड पर सौंपने के आदेश हुए है। आरोपी से 55 किलो डोडाचूरा तस्करी को लेकर पूछताछ जारी है।

# तड़पती रही गर्भवती महिला, एक घंटे बाद भी नही आई एम्बूलेंस, निजी वाहन से ले गए अस्पताल

**पिपलियामंडी, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एम्बूलेंस के अभाव में गर्भवती महिला तड़पती रही बाद में निजी वाहन से उसे मंदसौर ले जाना पड़ा। जानकारी के अनुसार ग्राम ढाणी (बिल्लोद) महिला फोरियाबाई पति प्रहलाद रेबारी को प्रसव पीडा होने पर उसके भाई आत्माराम ने 108 एम्बूलेंस पर कॉल किया, लेकिन एम्बलेंस नही आई। सामाजिक कार्यकर्ता हीरालाल रेबारी ने बताया कि महिला तडपती रही। एक घंटे बाद भी एम्बलेंस नही आई तो निजी वाहन से महिला को अस्पताल ले गए। डिप्टी सीएम होते हुए भी उनकी विधानसभा में एंबुलेंस के लिए 1 घंटे तक इंतजार करना पड़ा फिर भी एंबुलेंस नहीं मिल पाई तड़पती रही गर्भवती महिला को निजी वाहन से अस्पताल ले गए। हीरालाल ने बताया कि मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा का विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इसके बावजूद यहां स्वास्थ्य व्यवस्था ठप है। जनप्रतिनिधि बड़ी-बड़ी बातें करते है, लेकिन डिलेवरी के लिए महिला को ले जाने के लिए तक एम्बलेंस उपलब्ध नही होती है।

# जिले में पंख अभियान के तहत चल्दू एवं हिंगोरिया में स्वरोजगार शिविर सम्पंन्न



**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिले में समुदाय विशेष (बाछड़ा समुदाय) के उत्थान, एवं कल्याण तथा इस समुदाय के युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर, समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संचालित पंख अभियान के तहत कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में स्वरोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम चल्दू एवं हिंगोरिया में स्वरोजगार शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 12 हितग्राहियों के स्वरोजगार के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण प्रकरण तैयार करवाए गए है। इनमें सिलाई प्रशिक्षण एवं ब्यूटी पार्लर के 4, किराना दुकान स्थापित करने के साथ एवं बकरी पालन का एक प्रकरण तैयार करवाए गए है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री टी.सी. मेहरा की उपस्थिति में आयोजित इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी विस्तार से देकर, उनका लाभ उठाने की प्रक्रिया भी बताई। शिविर में खण्ड पंचायत अधिकारी श्री रोशनलाल मालवीय एवं अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा हितग्राही उपस्थित थे। पंख अभियान के तहत 24 मार्च को प्रात: 11 बजे भंवरासा, अपरांह 3 बजे ग्वालदेविया, 26 मार्च को प्रात: 11 बजे रावतखेड़ा अपरांह 3 बजे जेतपुरा, 28 मार्च को प्रात: 11 बजे नीलकण्ठपुरा, अपरांह 3 बजे नेवड़, 29 मार्च को प्रात: 11 बजे किशनपुरा, अपरांह 3 बजे चड़ोली में स्वरोजगार शिविर आयोजित किए जा रहे है।

## जनकपुर में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर संपन्न

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष ग्राम जनकपुर , में जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना के निर्देशन में निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शुक्रवार को आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, आदि बीमारियों की जांच कर निशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में बीपी की निशुल्क जांच कर आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई।शिविर में कुल 122 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। शिविर में डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर, डॉ नरसिंह चौहान,श्री भगवान दास बैरागी, श्री हरिश दास बैरागी,श्रीमती सुधा भदोरिया, श्री विनीत सोनी, श्री यतेंद्र राजावत, श्री भगतराम खराड़ी ने भी अपनी सेवाएं दी।शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, आशा कार्यकर्ता,सरपंच एवं सचिव ने सराहनीय सहयोग किया।

# प्रशासन ने सीसीआई की संपत्ति के हस्तांतरण पर लगाई रोक

## श्रमिकों के हित में 07 करोड़ 55 लाख रुपए से अधिक की राशि जमा करवाने के निर्देश

**नीमच, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा नीमच जिले के जावद उपखंड के नयागांव में सीसीआई फैक्ट्री की संपत्ति के हस्तानांतरण पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में तहसीलदार सुश्री मयूरी जोक ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में प्रचलित एक प्रकरण में शुक्रवार को कार्रवाई की गई और प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि श्रम न्यायालय के आदेश अनुसार आर आर सी की बकाया राशि 17 करोड़ 55 लाख रुपए श्रम न्यायालय या तहसीलदार न्यायालय में जमा करवाए ,तब तक सीसीआई फैक्ट्री की किसी भी संपत्ति का हस्तांतरण ना करें।

तहसीलदार जावद सुश्री जोक ने बताया कि सीसीआई नयागांव के विरुद्ध मजदूरों द्वारा माननीय श्रम न्यायालय द्वारा स्वयं का बकाया वेतन वसूल करने प्रकरण लगाया गया था। जिसमे माननीय न्यायालय द्वारा कार्यवाही की जाकर वसूली हेतु आदेश जारी किया गया था। माननीय श्रम न्यायालय मंदसौर के कुल 55 प्रकरणों में सीमेंट कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (सी सी आई ) नयागांव, जावद से रूपये कुल 17,55,69,405/- (अक्षरी रुपये सत्रह करोड पंचपन लाख उनहत्तर हजार चार सौ पांच मात्र) वसुली करने हेतु कलेक्टर नीमच ने तहसीलदार जावद को निर्देशित किया था। तदा अनुसार तहसीलदार द्वारा प्रकरण अ-76 में दर्ज कर कार्यवाही प्रारंभ की गई एवं संबंधित पक्षकारों को सूचना पत्र जारी किये गये। प्रकरण में अनावेदक सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लि. नयागांव जावद की ओर से कार्यकारी प्रभारी अधिकारी श्री जयंत व्यास ने जवाब प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उक्त के संबंध में माननीय श्रम न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध अपील माननीय उच्च न्यायालय इंदौर में की गई है याचिका क्रमांक एमपी 81/2024, एमपी82/2024 व डब्ल्यु पी 1203/2005 लंबित है। अत: उक्त प्रचलित कार्यवाही को स्थगित किये जाने का निवेदन किया है। परंतु स्वयं सीसी आई. के द्वारा ही तहसील न्यायालय में उक्त जवाब प्रस्तुत करने के तत्काल उपरांत ही ऑनलाईन टेण्डर साईड (http://www.tenderdetail.com/imdian-tander) पर टेण्डर निकाल कर प्लांट को एवं प्लांट की मशीनरी, रेलवे ट्रैक, एवं रेलवे लाईन को विक्रय किये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की गई है। जिसे विक्रय हो जाना भी उपस्थित प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया है। अनावेदक एक ओर स्वयं माननीय उच्च न्यायालय में अपील विचाराधीन होने से वसूली की कार्यवाही को स्थगित करने का निवेदन कर रहे है एवं दूसरी ओर स्वयं उक्त प्लांट एवं उसमे चल अचल संपति को विक्रय कर रहे है। अत: अनावेदक का उक्त कृत्य स्पष्ट रूप से विरोधाभाषी तथ्यों को प्रदर्शित करता है एवं अनावेदक की उक्त राशि जमा नहीं करवाने की मंशा को प्रदर्शित करता है। अत: तहसीलदार जावद ने अनावेदक सीसीआई को निर्देशित किया है कि उक्त टेंडर को निरस्त करे। यदि उक्त विक्रय आज दिनांक के पूर्व हो चुका है ,तो आरआर सी अनुसार कुल 17.55,69,405/- (अक्षरी रूपये सत्रह करोड पचपन लाख उनहत्तर हजार चार सौ पांच मात्र) तहसील न्यायालय जावद में जमा करवाये अथवा श्रम न्यायालय में जमा करवाकर प्राप्ति प्रस्तुत्त करे। जब तक उक्त राशि जमा नहीं करवाई जाती है ,मौके पर से किसी भी प्रकार से कोई संपत्ति का हस्तांतरण नही करे। राशि जमा नहीं करवाये जाने की दशा में जहा समस्त संपत्ति तहसील न्यायालय जावद के अधीन रहेगी। मौके पर उक्त संपत्ति को जप्त किया जाकर कार्यकारी प्रभारी अधिकारी श्री जयंत व्यास सीसीआई की सुपुर्दगी में प्रदाय की जाने की कार्यवाही 22/03/2025 को की जावेगी।

# खेत में नरवाई जलाने पर होगी दंडात्मक कार्यवाही

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक कृषि श्रीमती अनिता धाकड़ ने बताया कि जिले में रबी की मुख्य फसल गेंहू की कटाई का कार्य जारी है। कृषकों द्वारा कम्पाईन हार्वेस्टर मशीनों से फसल काटने के बाद खेत में खड़े खापे (नरवाई) को नष्टकरने के लिए तथा खेत की साफ-सफाई के लिए खेतों में आग जलाने की सैटेलाईट द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि नरवाई (पराली) जलाने से वायु प्रदूषण, भूमि की उर्वरा शक्ति, जन-धन की हानि की घटनाएँ होती है। नरवाई में आग लगाने से अमूल्य पदार्थ नष्टहोता जा रहा है। इसके कारण मृदा स्वास्थ्य व मृदा उत्पादकता खतरे में है। नरवाई में आग लगाने से मृदा तापमान में वृद्धि होती है. जिससे लाभदायक सूक्ष्मजीव नष्टहो जाते है, जो कि मृदा जैव विविधता के लिए एक गंभीर चुनौती है। किसानों से की अपील नरवाई जलाने की सैटेलाईट से भी जिला प्रशासन को जानकारी प्राप्त हो रही है। ऐसे में नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 2 एकड़ से कम भूमि पर राशि रूपयें 2500, 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम पर 5 हजार रू. तक पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि वसूल कर शासकीय कोष में जमा की जाएगी। अत: जिले के किसानों से अपील की जाती है कि वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने एवं मृदा को उपजाऊबनाने के लिए फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को खेतों में नहीं जलाए।

# विश्व वानिकी दिवस पर सार्थक संगठन ने मेघदूत नगर में किया पौधारोपण

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर सार्थक संगठन द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस पहल के तहत आम, शहतूत, अमरूद, कबीट, बेलपत्र जैसे फलदार एवं शीशम, पीपल, बकायन, केसिया सामिया, कचनार जैसे पर्यावरण हितैषी पौधों का रोपण किया गया।

इस अभियान की विशेषता यह रही कि जनवरी से मार्च तक जिन सार्थक सदस्यों के जन्मदिन आए थे उन सभी सदस्यों ने सदस्यों ने मंत्रोचार के साथ पौधे रोपित कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। विधिवत मंत्रोचार सार्थक के सदस्य श्री नरेंद्र त्रिवेदी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर डॉ. आरती जैन, श्रीमती प्रीति छाबड़ा, डॉ. निशा जैन, श्रीमती तृप्ति पाटीदार, श्री पुरुषोत्तम भट्ट, श्रीमती अंजना पटेल, श्रीमती शीला भंडारी, श्रीमती विजयलक्ष्मी रघुवंशी द्वारा वृक्षारोपण कर संकल्प लिया गया। सार्थक के सहयोगी सदस्यों के रूप में डॉ. रमेश देवड़ा , श्री केएल भावसार, श्री अनंत तारे, श्री अशोक जी धनोतिया, श्रीमती रचना दोषी, श्रीमती भारती पाटीदार पार्षद, डॉ. उर्मिला तोमर, हिमांशु पांडे, विक्रम सिंह उपस्थित रहे।

# एफडीपी वाड़ी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 1200 वाड़ियों की स्थापना की

**मंदसौर, 21 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले के गरोठ क्षेत्र के गुराडिया नरसिंह गांव में एफडीपी वाडी विकास कार्यक्रम की तीन वर्षों र्की सफल यात्रा का समापन एवं स्थायी हस्तांतरण समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम एचडीएफसी बैंक परिवर्तन पहल के तहत बाएफ संस्था द्वारा जनवरी 2022 से मार्च 2025 तक 50 ग्रामों में संचालित किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों को टिकाऊकृषि और उच्च मूल्य वाली फसलों से जोड़ना था।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार ने कहा कि परियोजना को देश की सर्वश्रेष्ठ योजनाओं में से एक बताते हुए किसानों को संगठित रूप से वैल्यू चेन डेवेलपमेंट पर ध्यान देने की सलाह दी। श्री पवन पाटीदार, राज्य प्रमुख, बाएफ लाइवलीहुड, भोपाल ने नाबार्ड केमाध्यम से क्षेत्र को एफपीओ के रूप में विकसित करने और मंदसौर के संतरे को राष्ट्रीय




पहचान दिलाई जायेगी। परियोजना की उपलब्धियाँ परियोजना प्रबंधक श्री जे.एल. पाटीदार ने बताया कि एफडीपी वाडी कार्यक्रम के अंतर्गत 1200 वाडियों की स्थापना का लक्ष्य था, जिसे चुनौतियों के बावजूद सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस दौरान किसानों को ड्रिप इरिगेशन, जैविक खाद, प्राकृतिक कीट नियंत्रण तकनीकों और अंतरवर्ती फसल प्रणाली से जोड़ा गया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई। परियोजना के तहत 182 प्रशिक्षण कार्यक्रम, 270 जागरूकता बैठकें और 43 एक्सपोजर विजिट आयोजित की गईं, जिससे किसानों की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। स्थायी हस्तांतरण इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय समुदाय और किसानों की भागीदारी से एक सफल एवं टिकाऊकृषि मॉडल विकसित किया जा सकता है। यह पहल आत्मनिर्भरता और बाजार से जुड़ाव के नए अवसर प्रदान करेगी और किसानों को नई उंचाइयों तक पहुँचाने में मदद करेगी।


# कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

फोन नं-07426-205842 sitamaumandi@gmail.com
क्रमांक/मंडी/नि.विज्ञप्ति/24-25/350 सीतामऊ, दिनांक-21.03.2025

## * कोटेशन विज्ञप्ति *

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26, 01 अप्रेल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए मंडी समिति सीतामऊ को निम्नांकित कार्य कराये जाने के लिए पृथक-पृथक व्यक्तियों/ठेकेदारों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार कार्य हेतु अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 29.03.2025 को दोपहर 3 बजे तक निविदा राशि जमा कराकर प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त निविदाएं 02.04.2025 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित प्रतिभागियों के समक्ष खोली जावेगी एवं अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जावेगी।

| क्रं. | कार्य का विवरण | निविदा राशि | अमानत राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | मंडी समिति के 15 नग इलेक्ट्रानिक तोल कांटों का रख-रखाव करना (प्रतिवर्ष की दर) मंडी/उपमंडी | 500/- | 5000/- |
| 2 | मंडी प्रांगण/उपमंडी नाहरगढ़ की विद्युत लाईट का रख-रखाव सुधार कार्य हेतु इलेक्ट्रिशन की दरें (प्रति माह की दर) | 500/- | 5000/- |
| 3 | कार्यालय मंडी प्रांगण/फल सब्जी प्रांगण, समस्त संरचना, शौचालय में साफ-सफाई करना (प्रतिमाह की दर) | 500/- | 5000/- |
| | उपमंडी नाहरगढ़ में कार्यालय/प्रांगण में साफ-सफाई करना (प्रति माह की दर) | 500/- | 5000/- |
| 4 | मंडी में आवश्यकतानुसार पानी की सप्लाई करना प्रति टेंकर की दर (5000 लीटर) मंडी/उपमंडी | 500/- | 5000/- |
| 5 | कार्यालय लेखन/स्टेशनरी सामग्री आवश्यकतानुसार | 500/- | 5000/- |
| 6 | उपमंडी नाहरगढ़ में चाय, नाश्ता, स्वल्पाहार स्वयं के थेले पर संचालित करना (किराया दर वार्षिक) | 500/- | 5000/- |
| 7 | 12 नग सीसीटीवी कैमरा रख रखाव मंडी/उपमंडी | 500/- | 5000/- |

नोट - (शेष शर्ते अवकाश दिवस को छोड़कर कार्यालय समय में देखी जा सकती है। कोटेशन स्वीकृत करने का या न करने का अधिकार मंडी समिति का रहेगा। जिसका कोई कारण नहीं दर्शाया जाएगा।)

(श्रीमती शिवानी गर्ग)
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

(श्री रामेश्वर मेंड़ा)
सचिव
कृषि उपज मंडी समिति सीतामऊ, जिला-मंदसौर (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in